Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 25-05-2023 | अंक 574

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

# डीएवी पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय लगोरी (पिट्टो) रेफरी सेमिनार आयोजित, 30 प्रतिभागी हुए शामिल

## झारखंड में लगोरी को हर स्कूल में रूटिंग में शामिल किया जाना चाहिए : संदीप

**अपेम लाइव : बरही**

एमेचर लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं एमेचर झारखंड लगोरी एसोसिएशन के तत्वधान में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में दो दिवसीय लगोरी रेफरी सेमिनार आयोजित किया गया । इस अवसर पर एमेचर लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संदीप गुरुव मुख्य अतिथि के रूप में एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे स यह रेफरी सेमिनार लगोरी फेडरेशन अ०फ इंडिया के तकनीकी प्रमुख नंदू वालोंके एवं भरत गौरव ने सभी प्रशिक्षु को प्रशिक्षण दिया एवं सभी को परीक्षा भी ली । यह रेफरी सेमिनार लगोरी एसोसिएशन झारखंड स्टेट के सचिव हेमंत कुमार एवं कोषाध्यक्ष खुशी सिंह के देखरेख में आयोजित किया गया स इस रेफरी सेमिनार में झारखंड के 11 जिला के चयनित 30 प्रतिभागी को शामिल किया गया । जिसमें हेमंत कुमार, कौशल कुमार, संदीप कुमार ,पंकज कुमार ,अमित अंशु, धीरेंद्र राणा, काजल सांगा, शैलेश कुमार, नितेश अंशु, राज मिथिलेश ,सत्यम भगत ,शुभम कुमार, आकर्ष कुमार, रेफरी परीक्षा में उत्तीर्ण हुएस इस अवसर पर डीएवी स्कूल के प्राचार्य श्री अशोक कुमार ने बताया कि लगोरी भारत का विरासतई खेल है स यह खेल को भारतीय ओलंपिक द्वारा 37 नेशनल गेम गोवा में डेमो स्पोर्ट्स के रूप में शामिल किया गया है । यह खेल स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में भी शामिल है । छात्र-छात्राएं इस खेल में अपना भविष्य बना सकते हैं वही लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संदीप गूराव ने बताया कि लगोरी को झारखंड सरकार द्वारा मदद की आवश्यकता है। झारखंड में लगोरी को हर स्कूल में रूटिंग में शामिल किया जाना चाहिए। इस रेफरी सेमिनार में संरक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा एवं लगोरी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की अध्यक्ष रानी पांडे उपस्थित थेस अध्यक्ष रानी पांडे ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में सीनियर नेशनल लगोरी प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है । जिसमें झारखंड लगोरी टीम को भी आमंत्रित किया गया है । जिसके लिए राज्य स्तरीय लगोरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विजेता टीम को राष्ट्रीय लगोरी प्रतियोगिता में झारखंड टीम गठित कर के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगास




# न्यूज ब्रीफ

## 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : बालूमाथ थाना क्षेत्र के चट्टी टोला निवासी सोमर प्रजापति का पुत्र श्रवण कुमार (30 वर्षीय) ने पारिवारिक कलह से तंग आकर फांसी लगाकर के आत्महत्या कर लिया ।जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर पुलिस आत्महत्या का कारण जान्ने के लिए छान बिन में जुट गई है।

## करंट लगने से एक की मौत



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित एक निर्माणाधीन मकान में रड कटवाने के दौरान करंट के संपर्क में आने से एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तरवाडीह निवासी शंकर सिंह का मकान धर्मपुर में बन रहा है। जिसकी देखरेख के लिए शंकर सिंह के साला विजेंद्र कुमार लाल उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय जोधन लाल बुधवार की सुबह सुबह मुरूप से धर्मपुर पहुंचे और करीब दस से ग्यारह बजे के बीच मिस्त्री के साथ मिलकर श्री लाल रड कटर मशीन से रड काटने बैठे ही थे कि अचानक रड में करंट आने की वह पीछे फेंका गए। जिसके बाद आफन फानन में वहां मौजूद मजदूरों के द्वारा तत्काल उन्हें लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्री लाल महुआमिलान के रहने वाले थे और अपने जीजा के यहां रह कर धर्मपुर स्थित निर्माणाधीन मकान की देख रेख कर रहे थे। श्री लाल के चार बच्चे हैं, जिसमें तीन लड़कियां और एक लड़का है। दो लड़कियों की शादी हो चुकी है, जबकि एक लड़का और एक लड़की अभी नाबालिग हैं। पोर्स्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंपा दिया गया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बिरनी में फिर हाथियो ने जमकर उत्पात मचाया

**अपेम लाइव : बिरनी**





बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के बाराटांड़ गांव में बीते देर रात में झुंड से भटके हाथीओ ने जमकर उत्पात मचाया जिसमे गांव के ही एक परिवार अपने बच्चो के साथ अपने घर में सोया हुआ था उस घर पर हांथी ने हमला कर दिया उसके बाद सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा और सैकड़ों ग्रामीणों के हल्ला करने के बाद सोए हुए राजदेव रविदास अपने बच्चो को उठा कर किसी तरह घर के बाहर निकल कर भागा उसके बाद हांथी ने उस घर को पूरी तरह से तोड़ दिया ।बतादे की सबसे पहले हांथी गांव के ही मेघनाथ यादव के घर गेट को तोड़ते हुए घर के अंदर घुस कर गेंहू खा गए लेकिन देवनाथ राणा और ग्रामीणों के सजगता एवम काफी प्रयास से हांथी को गांव से बाहर भगाया गया लेकिन ग्रामीण काफी दहशत में हैं।। सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा ने रात में ही वन विभाग को सूचना दे दिया है और नुकसान हुए घर का मुआवजा देने का मांग किए है।।वही उत्क्रमित प्रार्थमिक विद्यालय बेहराबाद में भी हाथियो ने विद्यालय के छह दरवाजे तोड़कर रखे सामग्री को छतिग्रष्ट कर दिया। हांथी को गांव से बाहर खदेड़ने में मनोज शर्मा समेत कई ग्रामीणों का अहम भूमिका रहा है।

## मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत झुरझुरी निवासी जगदीश महतो उम्र लगभग 66 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके घर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मिले और इस दुःख की घड़ी में ढाढ़स बंधाए तथा गहरी शोक संवेदना प्रकट किए। ज्ञात हो कि स्व0 जगदीश महतो एक सामाजिक व मिलनसार व्यक्ति थे। उनका जाना समाज कर लिए अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर राजकुमार चौधरी, राजेश प्रसाद, डॉ दुर्गी लाल रामेश्वर महतो, दर्शन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, छोटीलाल प्रसाद, बासुदेव यादव, दामोदर प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, बिशुन यादव समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## डपोक में पीएम आवास लाभुक दिवस का आयोजन, 30 जून तक लंबित आवास का करे निर्माण

### प्रत्येक गुरुवार को पीएम आवास लाभुक दिवस का होगा आयोजन : बीडीओ





**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना की समीक्षा को लेकर पीएम आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे बरही बीडीओ सी.आर. इंदवार भी मौजूद रही। विदित हो की विभागीय निर्देशानुसार 30 जून 2023 तक सभी लंबित आवास को पूर्ण करना है। जिसको लेकर प्रत्येक गुरुवार अलग – अलग पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही प्रखंड में कुल 127 आवास लंबित है। बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार ने कहा की जो लाभुक आवास बनाने में रुचि नहीं दिखा रहे है तो वैसी स्थिति में लाभुकों पर नोटिस जारी कर प्राथमिकी दर्ज या फिर पैसे की रिकवरी की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा की प्रखंड में लंबित पड़े सभी आवासों को 30 जून तक पूरा करना है। इस दौरान स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास एवं प्रखंड आवास ब्लॉक को – ऑर्डिनेटर कमलेश भारती सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गौरियाकर्मा के शुभम कुमार सिंह ने 92.6 % अंक लाकर किया विद्यालय का नाम रौशन

**अपेम लाइव : बरही**



शुभम कुमार सिंह

परियोजना उच्च विद्यालय गौरिया कर्मा के छात्र शुभम कुमार सिंह ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा आयोजित 10 बोर्ड परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय के बालक वर्ग में टॉप किया है। शुभम कुमार सिंह ,कामेश्वर सिंह के पुत्र हैं। इन्होंने हिंदी में 95, अंग्रेजी में 88, विज्ञान में 90, सामाजिक विज्ञान में 93 तथा गणित में 81 अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है। शुभम कुमार सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता कामेश्वर सिंह, माता माला देवी सहित अपने विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। शुभम के इस सफलता पर उनके गांव के लोग सहित उनके परिजन हर्षित हैं। साथ ही शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भागीदारी पार्टी ने किया नव पदस्थापित थाना प्रभारी का स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**



बरही थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित सिंह के स्वागत का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में भागीदारी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल पंडित के नेतृत्व में भागीदारी पार्टी से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की टीम ने बरही थाना पहुंचकर अंगवस्त्र एवं बुके के साथ स्वागत किया। गोपाल पंडित ने कहा की नए थाना प्रभारी पूर्व में भी बरही अंचल निरीक्षक के पद पर कार्य कर चुके हैं। इसलिए ऐसी उम्मीद है की इनके कार्यकाल में बरही में शांति एवं सौहार्द बनी रही। अपराध का ग्राफ को नियंत्रित हो। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष गोपाल पंडित, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पंडित, राहुल प्रजापति, दिनु प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, काली प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, मुर्ति रजक, मनोज रजक, रामावतार कुमार, गणेश प्रजापति, मनोज पासवान, अरुण मेहता, सहित दर्जनों लोगों शामिल थे।

## भामाशाह विद्यालय से बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चें हुए सम्मानित, राहुल विद्यालय टॉपर

**अपेम लाइवः बरही**



टॉप सिक्स बच्चों को सम्मानित करते विद्यालय के शिक्षक एवं समिति के अध्यक्ष

झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2023 का परिणाम के अनुसार भामाशाह विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है ।परीक्षा में सम्मिलित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर से कुल 98 भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी प्रथम श्रेणी को प्राप्त किया। इसमें छह विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इनमे राहुल कुमार गुप्ता 91.40% कुन्दन केशरी 91. 20%रुपेश कुमार 91. 00%, अभिषेक कुमार 90. 80%, सुमित कुमार 90. 20%, शिवम कुमार 90.20% शामिल हैं। इन सभी मेधावी भैया को विद्यालय के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, साहू समाज के मुखिया और पदेन सदस्य सुरेश साहू ,प्राधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय,कक्षाचार्य जूली कुमारी और मनीष कुमार सिन्हा ने मिठाई खिलाकर भैया को सम्मानित किया ।सभी भैया की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद प्रदान किया।

## उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन से जिले में हुये एएनसी एवं संस्थागत प्रसव के संख्या के बारे में जानकारी लिया तथा उनकी संख्या में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया स उपायुक्त ने जिले में संचालित कुपोषण उपचार केंद्रों में कुपोषित बच्चों के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी लिया स उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों से समन्वय बना कर कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती करवा कर उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया सआगे उन्होंने जिले में टीबी के रोकथाम एवं ईलाज के लिए किये जा रहे कार्यो की प्रगति के बारे जानकारी लिया स साथ ही उन्होंने फाईलेरिया, मलेरिया समेत अन्य बीमारियों के रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो की समीक्षा कर विभिन्न दिशानिर्देश दिया सउपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ दिलाने का निर्देश दिया सबैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय विजैया में जल्द होगा चारदीवारी और शौचालय का निर्माण : किशुन यादव

**अपेम लाइवः बरही**




बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय विजैया में लगभग 1400 छात्र एवं छात्राएं पढ़ाई करते थे। लेकिन इतनी बड़ी विद्यालय होने के बावजूद विद्यालय में ना तो चारदीवारी थी और ना ही पर्याप्त मात्रा में शौचालय की व्यवस्था थी। वहीं इस गंभीर समस्या को लेकर बरही पूर्वी क्षेत्र के जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव ने विद्यालय में बहुत जल्द चारदीवारी और शौचालय बनवाने की बात कही थी। जिसको लेकर किशुन यादव ने गुरुवार को कहा चारदीवारी और शौचालय निर्माण की सारी कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बहुत जल्द चारदीवारी और शौचालय का निर्माण करवाया जायेगा।

## सीओ और थाना प्रभारी ने चलाया अवैध बालू उत्खनन के विरुद्ध अभियान

### मुखिया से चालान प्राप्त कर ही चिन्हित बालू घाट से उठावें बालू : सीओ

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : उपायुक्त अबू इमरान के दिशा निर्देश पर गुरूवार को बी डी ओ सह अंचलाधिलारी हुलास महतो एवं राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से अवैध तरीके से बालू उत्खनन पर रोक के लिए अभियान चलाया गया ।सी ओ एवं थाना प्रभारी ने गुरुवार की अहले सुबह तुलबुल,भदुवा हेसापरम,गहरी नदी आदि बालू घाटों पर अभियान चलाया ।हालांकि एक भी ट्रेक्टर बालू उत्खनन करते नहीं पकड़ाया ।इधर सी ओ श्री महतो ने कहा कि अवैध उत्खनन करते जो भी ट्रेक्टर पकडायगा उस पर खनन अधिनियम के धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने कहा कि जो भी बालू का उठाव करते हैं वो जो भी दो बालू उठाव करें वो केवल जिस घाट को बालू उठाव के लिए चिन्हित किया गया है वही से उठाव करें वो भी मुखिया से चालान लेकर ही ।यदि बगैर चालान के पकड़ाते हैं तो उन पर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी ।बताते चलें कि प्रखण्ड में दो बालू घाटों को चिन्हित किया गया है जिनमे बक्चुम्बा एवं मदगड़ा बालू घाट का नाम शामिल है। इधर अंचल के इस करवाई से अवैध बालू के खनन करने वालो में हड़कम्प मच गया है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बाल विवाह रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ सीएचसी सभागार में बाल विवाह को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में

विष्णुगढ़ सीएचसी सभागार में गुरुवार को जीएफएफ के तत्वाधान में समाधान संस्था द्वारा बाल विवाह रोकथाम को लेकर स्टे. कहोल्डरों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, चेडरा उपमुखिया रीना देवी शामिल हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम को लेकर बने कानून के बाद भी बाल विवाह क्यों? विषय पर मंथन किया गया। प्रशिक्षक रश्मिलता तथा राहुल शीतल ने बाल विवाह को लेकर लागू कानून, इसकी रोकथाम को लेकर जिम्मेवार पदाधिकारी तथा संस्थाएं, उल्लंघन करने पर होने वाले सजा का प्रावधान आदि पर प्रकाश डाला। अन्य अतिथियों ने भी इस पर रोक लगाने के लिए अपने अपने सुझाव शेयर की। मौके पर पिंकी चौरसिया, महादेव महतो, अरविंद लहकार, रंजना वर्मा, शशिबाला वर्णवाल, रीता देवी समेत कई आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट उन्नमुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट) उन्नमुखिकरण सह कार्यशाला का समाहरणालय सभागार में किया गया ।कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त भोर सिंह यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मिशन लाइफ का मतलब 'लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' से है, यानी ऐसी जीवनशैली को अपनाना और बढ़ावा देना, जो पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचाए। इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों एवं उपायों को लागू करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। मिशन लाइफ के तहत सततशील जीवनशैली से संबंधित 75 कदमों को 7 श्रेणियों के तहत सूचीबद्ध किया गया है जिनमें ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का कम उपयोग, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, अपशिष्ट में कमी, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना और ई-कचरा प्रबंधन शामिल हैं। मिशन लाइफ एक अभियान के रूप में इन पर्यावरणीय क़दमों के अनुरूप रोजाना स्वस्थ जीवनशैली की तरफ बदलाव को प्रेरित करती है ।इस दौरान उपायुक्त ने ऊर्जा बचाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषणयुक्त भोजन, कूड़ा-कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली और इलेक्ट्र०निक कचरा कम करने की बात कही ।वहीँ मिशन लाइफ पर आधारित व्यापक जागरुकता अभियान को विश्व पर्यावरण दिवस-2023 तक मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत जिले में प्रत्येक दिन साईकिल रैली, पौधारोपण, ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी, प्रदर्शन आदि गतिविधियाँ का आयोजन किया जाएगा ।कार्यशाला में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा जिला स्तरीय बैठक 31 मई को : जिला अध्यक्ष

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : राज्य सरकार के लगभग तीन वर्ष से ज्यादा पूरा करने के बाद भी पारा शिक्षकों से किया वादा पूरा नहीं करने से आक्रोशित एवम 21 मई 23 को प्रदेश स्तरीय बैठक मोरहाबादी रांची में लिए गए निर्णय के आलोक में जिला स्तरीय बैठक आगामी 31मई को राजकीय मध्य विद्यालय करकट लातेहार में पूर्वाह्न दस बजे से की जाएगी ।इसकी जानकारी देते हुए मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवम महासचिव अनूप कुमार ने बताया की उक्त बैठक में जिला कमिटी एवम प्रखंड कमिटी के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है । प्रदेश द्वारा आगामी चार जून को गढ़वा मंत्री के आवास पर मुख्यमंत्री के आवास घेराव का आमंत्रण पत्र देकर सहयोग करने, सत्रह जून को मुख्यमंत्री आवास के घेराव आदि पर चर्चा किया जाएगा ।साथ ही सहायक अध्यापकों के विभिन्न प्रकार की समस्या संगठन के सशक्तिकरण सदस्यता अभियान एवम सभापति की अनुमति से अन्य मुद्दों पर भी चर्चा करके जिले की तैयारी को पुख्ता किया जाएगा। अतः नेताद्वय ने सभी से ससमय बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला कृषि कार्यालय के सभागार में कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोवर्धन योजना अंतर्गत फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर एवं लिक्विड फॉमेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर- संजीवनी (बीज संजीवनी एवं पौध संजीवनी ), अमृतपानी एवं जैविक कीटनाशक को बनाने एवं प्रयोग करने की विधि पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ नाडेप कंपोस्ट , केंचुआ खाद , हरा खाद , मिट्टी की गुणवत्ता , बीजों का चयन एवं लगाने का सही समय , मिट्टी में पोषक तत्वों का प्रबंधन एवं कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं -कृषि ऋण माफी में ईकेवाईसी , केसीसी, अनुदानित दर में उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक सप्तमी कुमार झा , प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सविता उरांव , सहायक तकनीकी प्रबंधक सपना कुमारी , प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंकित , क्लस्टर कोअ०र्डिनेटर , कृषक मित्र, पशु मित्र एवं प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को सौंपा ज्ञापन, आरक्षण की मांग

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : राष्ट्रीय ओबिसी मोर्चा के लातेहर जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम रांची स्थित डोरंडा में स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास में ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन के माध्यम से बताया कि झारखंड प्रदेश में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने एवं 7 जिले में आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु मंत्रिमंडल से पारित करवाकर राज्यपाल महोदय के पास भेजने की बात कही। कहा कि झारखंड के गठबंधन की सरकार ने ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की थी तदनुसार आगे की कार्रवाई हुई परंतु ओबीसी को आरक्षण 27 परसेंट नहीं मिल रहा है साथ ही अन्य 7 जिले जैसे लातेहार, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा ,गुमला ,दुमका, व पश्चिम सिंहभूम में जिला स्तरीय सरकारी सेवा में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। मौके पर राजेश कुमार गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा, सुजीत कुमार यादव, आशीष कुमार विवेक कुमार, संभू प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रमुख और जमरि बक्सपुरा मुखिया ने किया साड़ी,धोती और लुंगी का वितरण





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : सरकार के सबसे कल्याणकारी योजना लुंगी,साड़ी एवं धोती वितरण गरीबो के लिए बरदान साबित हो रहा है ।ऊक्त बाते गुरूवार को प्रखण्ड प्रमुख इंदु कुमारी ने कही ।गुरुवार को प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती इंदु देवी प्रखण्ड प्रमुख ने प्रखण्ड के दजनो जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण की।. निरीक्षण के बाद कई राशन दुकानों में साड़ी,धोती और लुंगी का भी वितरण की ।मौके पर राशन का भी वितरण करवाई ।प्रमुख ने राशन डीलरों को कही की कार्डधारकों को सही वजन से राशन वितरण करें ।कम अनाज बर्दास्त नहीं किया जाएगा ।प्रमुख कैंडीनगर पंचायत के टटरा गांव के राशन दुकान का निरीक्षण की एवं कान्हाचट्टी बाजार में सन्तोष केशरी के दुकान का भी निरीक्षण की ।इधर दूसरी तरफ जमरी बक्सपुरा पंचायत के मुखिया आफताब हुसैन ने जमरी पंचायत के आधा दर्जन राशन दुकानों में कार्डधारियों के बीच साड़ी,धोती लुंगी का वितरण किया ।उसके बाद ग्रीन कार्ड धारियों के बीच पहली बार अनाज दिया गया ।मौके पर फूल महिला मंडल के बेबी देवी,कामदेव सिंह, शम्भू सिंह आदि शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## चंदवारा पश्चिमी पंचायत जन वितरण प्रणाली दुकान में मुखिया ने किया धोती साड़ी कपड़ा का वितरण

**अपेम लाइव चंदवारा**



कोडरमा चंदवारा रांची पटना मुख्य मार्ग स्थित लक्ष्मी महिला मंडल जन वितरण प्रणाली पश्चिमी लाभुकों के बीच चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा व उप मुखिया बसंती देवी ने संयुक्त रूप से लगभग 40 लाभुकों के बीच धोती साड़ी कपड़ा का वितरण किया गया जिससे पाकर कार्ड धारी बहुत खुश नजर आए इस बीच मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा कि यह झारखंड सरकार का एक महत्वपूर्ण योजना है जो कि राज सरकार के द्वारा दी जाती है तथा सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाना और वैसे वंचितों को देना जो लेने लायक हो उसे देना हमारा परम कर्तव्य है इसके लिए सरकार धन्यवाद के पात्र हैं इस बीच सभी लाभुक एवं लक्ष्मी महिला मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## ज्ञान वाटिका क्लासेस रसोइया धमना के सत प्रतिशत विद्यार्थियों ने हुवे सफल

**अपेम लाइवः बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना में संचालित ज्ञान वाटिका क्लासेस से जैक बोर्ड दसवीं की परीक्षा में कुल18 विद्यार्थी शामिल हुए थे। वहीं परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी शत – प्रतिशत अंक लाकर सफल हुए। सफल विद्यार्थियों में नेहाल अंसारी 412 अंक, दानिश अंसारी 402 अंक, शाहीन परवीन 366 अंक, मुस्कान प्रवीण 350 अंक, नाज परवीन 361 अंक, सानिया प्रवीण 336 अंक, काजल प्रवीण 345 अंक, तमन्ना परवीन 376 अंक, सोहेल अंसारी 342 अंक, साजिद अंसारी 245 अंक, महबूब अंसारी 276 अंक, इफ्तिखार अंसारी 285 अंक, इरशाद अंसारी 276 अंक, मुस्कान प्रवीण, 325 स्वाति कुमारी 351 अंक एवं फरहीन प्रवीण 325 अंक लाकर अपने संस्थान का नाम रौशन किया। परिणाम देखते हुए ज्ञान वाटिका क्लासेस के संचालक परमेश्वर प्रजापति ने गर्व महसूस करते हुए कहा कि कोशिश करने वाले को हार नहीं होती क्योंकि जिस रास्ते में कांटे होती है उसकी मंजिल बहुत करीब होता है इसलिए हर विद्यार्थियों को मुश्किलों का परवाह न करते हुए अपने मंजिल की ओर ध्यान देना चाहिए।

## माउन्ट ओलिवेट स्कूल गुडियो के सभी 16 बच्चे प्रथम श्रेणी से पास, पिंकी स्कूल टॉपर

**अपेम लाइवः बरही**




माउंट ओलिवेट स्कूल के टॉप थ्री विद्यार्थी

बिजैया पंचायत के गुड़ियों में संचालित माउंट ओलिवेट स्कूल के विद्यार्थियों ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। इस स्कूल से परीक्षा में शामिल हुए सभी 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। पिंकी कुमारी 457 अंक लाकर स्कूल की ट०पर बनी है। वही गौतम कुमार ने 450 अंक लाकर विद्यालय के सेकंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। अन्य विद्यार्थियों में रामतेज कुमार 447, पप्पू कुमार 447 ,पवन कुमार 447, राहुल कुमार 445, अभिषेक कुमार 443 ,जितेंद्र कुमार 440 ,सचिन कुमार 438 पूर्वी कुमारी 437 अजीत कुमार 433 ,अंशु कुमार 433 ,सचिन कुमार 427, रुपेश कुमार 427 ,नीतीश कुमार 419, आदित्य कुमार ने 411 अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य विजय कुमार यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन एवं बच्चों के मेहनत के कारण ही विद्यालय का अच्छा रिजल्ट रहा है। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सीनियर तैराकों का टाईम ट्रायल डॉल्फिनो रिसार्ट ,ओकनी हजारीबाग में 28 को



प्रहलाद सिंह, सचिव



**अपेम लाइव : हजारीबाग**

हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के द्वारा सीनियर तैराकों का टाईम ट्रायल डॉल्फिनो रिसार्ट ,ओकनी हजारीबाग में दिनांक 28 मई 2023 दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे से कराया जाएगा । इसकी जानकारी देते हुए जिला तैराकी संघ के सचिव प्रह्लाद सिंह ने बताया की इस टाइम ट्रायल में बटरफ्लाई ,फ्री स्टाइल ,ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, अच्छा टाइम देने वाले तैराकों को राज्य स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता हेतु 3 जून 2023 को जेआरडी टाटा के स्विमिंग पूल जमशेदपुर के लिए भेजा जाएगा जिसमें जिले सीनियर के तैराक लड़के लड़कियां भाग ले सकते हैं । जिले के किसी प्रखंड से कोई भी स्कूल के तैराक भाग ले सकते हैं।

## दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के 12वीं साइंस की प्रियंका गुप्ता बनी अनुमंडल की थर्ड टॉपर

### बरही शिक्षण संस्थानों में दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट की रिजल्ट रहा शानदार : अधिवक्ता कुंदन कुमार

**अपेम लाइवः बरही**



हज़ारीबाग रोड़ स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के 12विं साइंस के विद्यार्थियों ने झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम। साइंस की प्रियंका कुमारी गुप्ता 432 नम्बर लाकर बनी अनुमंडल की थर्ड ट०पर एवं रानी कुमारी 424, स्वेता रानी 414, खुसबू कुमारी 401 नंबर ला कर बनी संस्थान टॉपर। पूजा कुमारी 396, आरिशा गुप्ता 387, विक्रम कुमार राणा 382, गुंजन गुप्ता, 370, प्रेमलता कुमारी 370, आरुषि केसरी 364, रोहित कुमार 363, समापिका कुमारी 356, पायल कुमारी 341,सूरज राणा 339, बबली कुमारी 337, कुमारी कोनिका राज 332, श्रुति कुमारी 331, टिया कुमारी 322, सुलेखा कुमारी 316, सुमन कुमारी 317 ,मोनिका कुमारी 312 नम्बर ला कर संस्थान,माता पिता एवं समाज का नाम ऊँचा किया। सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए। संस्थान के उप संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि विगत वर्षो से संस्थान का रिजल्ट शानदार एवं टॉपर रहा है। सभी विषयों के लिए अनुभवी शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को तैयारी कराई जाती है। टेस्ट सीरीज के माध्यम से विद्यार्थियों की समय समय पे उनकी योग्यता की जांच कि जाती है।

## इंडियन पब्लिक स्कूल सिंहपुर ओरिया में 10 वी की परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल

**अपेम लाइवः बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत सिंहपुर ओरिया में संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जैक द्वारा आयोजित 10 वी की परीक्षा परिणाम बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसमे विद्यालय के शत प्रतिशत विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा स जैक द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्यालय की ओर से कुल 19 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था स जिसमे सभी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया स जिसमे गौतम कुमार ने 429 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया स लक्ष्मी कुमारी ने 423 अंक,सचिन कुमार ने 416 अंक, मनीषा कुमारी 415, ओमशांति कुमारी 413, विनीता कुमारी 403, पंकज कुमार 402 ,आरती कुमारी 400, शिवशंकर कुमार 399, ड०ली कुमारी 391, ललिता कुमारी 382, संगीता कुमारी 372 ,बसंती कुमारी 382, पूजा कुमारी 370 ,नीतू कुमारी 323 ,मनिता कुमारी 338, सूर्यमुखी कुमारी 353, सुमन कुमारी 340, एवम कंचन कुमारी ने 311अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रौशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बासुदेव साव ने सभी विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की स उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के साथ साथ अपने विद्यालय के अध्यापकों को भी दिया । जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की स विद्यालय के शिक्षक जिसमे मुकेश कुमार , सुमन कुमार पांडेय ,विजय यादव ,धनेश्वर रजक ,प्रिंस पांडेय संजय कुमार ,संतोष यादव ,सरफराज अंसारी,शिक्षिका पिंकी देवी रंजू कुमारी, सौम्या, सोनाली ,सुनीता ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की ओर उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एआईएमआईएम के सूरज दास एवं नसीम अंसारी ने उपयुक्त के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बरही**



एआईएमआईएम के जिला संगठन सचिव सह बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास एवं प्रखंड अध्यक्ष नसीम अंसारी ने बरही के विभिन्न समस्याओं को देखते हुए उपयुक्त के नाम बरही बी.डी.ओ सी.आर. इंदवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा की

1.चिलचिलाती गर्मी से परेशान लोग पानी के लिए तड़प रहे है और वर्षो से खराब पड़ा जलमीनार आज तक ठीक नही हो पाया है।

2. बरही चौक पर ट्रैफिक समस्याओं के कारण आए दिन दुर्घटना घट रही है। और वर्षो से बनकर तैयार पड़ा बस स्टैंड बस रुकने का इंतजार कर रही है। लेकिन बस स्टैंड सिर्फ असामजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है।

3. बरही के सड़कों पर बाजार लगने के कारण हमेशा सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना की संभावना है।

## बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ





**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में हरधरा बागी स्थित सामुदायिक भवन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एन एस एस के स्वयंसेवक, शिक्षकों एवं ग्रामीण शामिल हुए । कार्यक्रम की शुरुआत एन.एस.एस. के लक्ष्य गीत से हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री लोकनाथ महतो थे। इन्होंने अपने संबोधन में सामाजिक बुराई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दृ आज समाज अपने संस्कृति और सभ्यता से भटकती जा रही है, एनएसएस के माध्यम से जागरूकता लाई जा सकती है। राष्ट्रीय सेवा योजना विनोबा भावे विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ने वृक्षारोपण एवं पेड़ों की रक्षा करना जो युवाशक्ति के द्वारा हो सकता है, साथ ही प्ला. स्टिक हटाओ स्वच्छता अपनाओ अभियान को स्वयं सेवकों के द्वारा जागरूकता किया जा सकता है। प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि समाज को सही मार्ग पर ले जाना विशेषकर युवक एवं युवतियों समेत बुद्धिजीवियों की जिम्मेदारी बनती है । युवाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। प्रत्येक युवा वर्ग को अपनी जिम्मेवारी समझनी होगी तभी समाज और देश का विकास संभव है। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक श्रीकांत निराला द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के द्वारा विशेष शिविर का संच. ालन किया गया । एनएसएस की स्थापना 24 सितंबर 1969 ईस्वी को की गई थी । धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ललिता कुमारी ने की। मौके पर उपस्थित प्रोफेसर एफ अहमद, प्रोफेसर सुरेश महतो, प्रोफेसर एन के दांगी, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास,प्रो रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, सनवीर कुमार, धनुनाथ प्रसाद, चंचल मेहता स्वयंसेवकों में राकेश कुमार , राहुल कुमार, सचिन कुमार, बबलू कुमार, नीतू कुमारी, राखी कुमारी, आंचल कुमारी, बबीता ,विद्या आदि उपस्थित थे।

## गुरुवार को सभी पंचायतों में मनाया गया आवास दिवस

### आवास के लाभुकों को किया गया आवास बनाने के लिए प्रेरित

### जिनके खाते में आवास की अग्रिम राशि गई है और वो काम नहीं कर रहे हैं उन पर होगी शुद्ध सहित वसूली





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : गुरुवार को रोजगार दिवस पर प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में गुरुवार को आवास दिवस मनाया गया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने कई पंचायतों में जाकर प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को प्रेरित किया और कहा कि जो लाभुक पैसा ले चुके हैं वे यथाशीघ्र अपना-अपना आवास का निर्माण पूर्ण करें।तथा जिन्हें आवास बनाने के लिए अग्रिम दी गई है एवं ढलाई तक के लिए राशि दे दी गई है वह जल्दी आवास की ढलाई का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने लोगों को प्रेरित किया कि यदि आवास कार्य में लापरवाही बरतते हैं तो आप को सरकारी लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सबसे पहले कोल्हैया पंचायत के पंचायत सचिवालय में मुखिया उपमुखिया एवं अन्य लोगों के साथ बैठक किया। बैठक के बाद उन्होंने लाभुकों को कहा कि किसी भी सूरत में आवास का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करें। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी राजपुर,तुलबुल चिरिदिरी सहित सभी पंचायतों में जाकर आवास के लाभुकों को प्रेरित किया और जल्द आवास बनाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि आवास का पैसा लेकर कार्य नहीं करने वालो को बारह प्रतिशत शुद्ध सहित वसूली किया जाएगा। मौके पर सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव एवं लाभुक उपस्थित थे।

## इंटर साइंस में ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस की छात्रा शशिकांता बनी विष्णुगढ़ प्रखंड टॉपर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**




इंटर साइंस के परीक्षा परिणाम में विष्णुगढ़ के ग्रेट इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन रहा है। संस्थान के सभी विद्यार्थी इंटर साइंस में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। शशिकांता कुमारी 443 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी है। इसके अलावे काजल कुमारी 427, सत्यम सौम्या 427, संध्या कुमारी 421, अल्पना कुमारी 416, ममता कुमारी 412, श्रवण कुमार 411, प्रीति कुमारी 409, श्वेता कुमारी 409, सुलेखा कुमारी 405, नेहा कुमारी 402, अंजली पटेल 400, कुंती कुमारी 400, पिंटू कुमार 396, गणेश कुमार 391, सचिन कुमार 389, जीनत परवीन 388, आकाश कुमार 384, रोहित कुमार 383, पूनम कुमारी 378, राजकुमार 379, अजय कुमार 371, जनार्दन कुमार 370, सुमन कुमारी 370, सोगरा खातून 369, पिंकी कुमारी 368, प्रीति कुमारी 365, रिंकी कुमारी 367, मुकेश कुमार 366, निशा कुमारी 361, प्रियंका कुमारी 358, अंजू कुमारी 349, नेहा कुमारी 349, बबीता कुमारी 347, कुसुम कुमारी 347, सना खातून 344, विकास कुमार 342, सपना कुमारी 342, प्रकाश कुमार 327, संजीदा खातून 334, चांदनी कुमारी 324, प्रियंका कुमारी 324, सपना कुमारी 327, आनंद कुमार 317, पूजा कुमारी 314, मुकेश कुमार शर्मा 311, काजल कुमारी 303 ने भी प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की है। ग्रेट इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस के निदेशक सुनील कुमार तथा प्रदीप कुमार महतो ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। निदेशक ने बताया कि 11वीं कक्षा के नया बैच शुरू हो गया है। मैट्रिक में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले पांच छात्र तथा पांच छात्राओं को संस्थान में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। वहीं, 90 प्रतिशत अधिक अंक लाने वाले 10 छात्रों को फीस में 50 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। कहा कि संस्थान में बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ इंजीनियरिंग और मेडिकल इंट्रेंस परीक्षा की भी तैयारी कराई जाती है।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने आशिष साव को किया सम्मानित

### दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित हुए विभिन्न समुदाय के लोग





**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन राँची जिला के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ! जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय साहू एवं संचालन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने किया ! उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पेट्रोलियम मंत्रालय सलाहकार समिति के सदस्य रिपुसुदन साहू , उद्घाटनकर्ता सह मुख्य वक्ता महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , विशिष्ट अतिथि जगदीश साहू उर्फ अशोक साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार, अनीता साहू की गरीमामय उपस्थिति रही ! समाज मे अच्छे काम करने के लिए राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के हाथों से शॉल ओढ़ाकर वह मोमोटो देकर आशिष कुमार साव को सम्मानित किया गया । जिसमे हज़ारीबाग़ जिला से आशिष कुमार साव, कुंजविहारी साहू, कुलदीप कुमार, मनोज साहू, छोटन साहू को सम्मानित किया गया है । हज़ारीबाग़ से पांच लोगों को दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया है अतिथियों के द्वारा विभिन्न समुदाय के लोग सम्मानित किये गये , जिनमें मुख्य रुप से राजू ठाकुर आदिवासी समाज के सरिता मुंडा, अर्पना बाड़ा ,अग्रवाल हीरानाथ साहू, कुशवाहा पंचम महतो , प्रजापति जनक महतो , राजेंद्र महतो , रंगनाथ राम , रंजन पासवान, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल , प्रशांत बैठा, सुशीला चंद्रवंशी , रेणु देवी , लगन लाल ठाकुर, राज. कुमार महतो ,सुमित केसरी वसीम अकरम ,निरंजन साहू, नरेश साहू , मो. अजहर आलम , प्रदीप ठाकुर , वीरेंद्र लोहरा,अनूप लोहरा, मुकुल नायक, पूर्व मुखिया रीना देवी,अनीता साहू , वीरेंद्र गुप्ता , शत्रुधन साहू , पंकज साहू , साहू मुरारी गुप्ता, वनिता मेहता, मीना देवी, दशमी देवी, कंचन रानी, कुंज बिहारी साहू, सुरेश साहू ड०.दानेश्वर साहू, अजीत साहू, शैलेश कुमार सहित सैकड़ों सामाजिक अगुआ प्रतिनिधिगण शामिल रहें ! वक्ताओं ने कहा कि सभी जाति समाज को अपने सामाजिक बैठक में दूसरे जाति समुदाय के लोगों को आमंत्रित करना चाहिए ताकि सभी एक दूसरे से जुड़ सके और एकजुट होकर अपने अधिकार को बचा सके ! यह भी कहा गया कि आरक्षण भीख या अधिकार नहीं बल्कि हमारा सुरक्षा कवच है जो हमें द्रोणाचार्यो से बचाता है ! अब जो भी राजनीतिक पार्टी हमारे आरक्षण के लिए लड़ेगा हमलोग उसी पार्टी को वोट करेंगे !

## जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच वर्मी बेड का वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम खरांटी, चोपदार बलिया और गोसाइ बलिया में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गुजरात क्राफ्ट के द्वारा किसानों को जैविक खाद्य बनाने का वर्मी बेड का वितरण किया गया। वर्मी बेड की सहायता से किसान जहर मुक्त खेती कर सकेंगे। लगभग 70 किसानों के बीच पूर्व पंचायत समिति सदस्य अली रज़ा के द्वारा किसानों के बीच वर्मी बेड का वितरण किया गया । लगभग 160 और किसानों के बीच वर्मी बेड का वितरण किया जाएगा। मौके पर एनजीओ के दो सदस्य संजय कुमार सुमन और आर्यन कुमार उपस्थित थे।